न्यायालय जिला कलक्टर खैरथल–तिजारा (राजस्थान)

अपील संख्या 12(RTI)/05/2025 रजि० नं० 2025/390 प्रवेश तिथि 18.09.2025

अपीलार्थी :–	प्रत्यर्थी :–
Prabhsharan Singh, 12/424, 1st Floor, sundar vihar, new delhi- 110087	राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर भिवाडी जिला खैरथल–तिजारा (राजस्थान)

अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

–: निर्णय :– दिनांक 15.10.2025

1– अपीलार्थी ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (संक्षेप में अधिनियम, 2005) की धारा–6 (1) के अन्तर्गत राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर भिवाडी जिला खैरथल–तिजारा (राजस्थान) को ऑनलाईन प्रथम आवेदन पत्र संख्या 448173664006585 दिनांक 06.09.2025 प्रस्तुत कर प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यो पर सूचना चाही गई, जो उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई। अतः वांछित सूचना उन्हे दिलवाई जावें।

2– अपीलार्थी द्वारा अपील पेश कर निवेदन किया है, कि राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर भिवाडी जिला खैरथल–तिजारा (राजस्थान) द्वारा अपेक्षित सूचना उपलब्ध नहीं करवाई, सूचना उपलब्ध करवाई जावें।

3– अपील प्राप्त होने पर दर्ज रजिस्टर की जाकर वाँछित सूचना नहीं दिए जाने के संबंध में राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर भिवाडी जिला खैरथल–तिजारा (राजस्थान) से जरिये नोटिस क्रमाक 1384 दिनांक 18.09.2025 से जवाब तलब किया गया, एवं अपीलार्थी को नोटिस जारी कर, यदि वह सुनवाई हेतु उपस्थित होना चाहता है, तो दिनांक 24.09.2025 को उपस्थित आवें। नियत तिथी को अपीलार्थी उपस्थित हुआ। किन्तु अपील का बिन्दूवार जवाब प्रत्यर्थी से प्राप्त नही होने पर पुनः जर्ये पत्राक 1461 दिनाक 26.09.2025 के द्वारा जवाब तलब किया जाकर प्रकरण में आगामी तारीख पेशी दिनाक 01.10.2025 नियत की गयी। नियत तिथी को जर्ये पत्राक 750 दिनाक 26.09.2025 के द्वारा जवाब पेश किया गया है।

4–राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर भिवाडी जिला खैरथल–तिजारा (राजस्थान) के द्वारा प्रस्तुत जवाब से स्पष्ट है, कि अपीलार्थी के प्रथम आवेदन पत्र ऑनलाईन संख्या 448173664006585 दिनांक 06.09.2025 में वर्णित तथ्यो पर जवाब अपीलार्थी को उपखण्ड अधिकारी टपूकडा के पत्राक 765 दिनाक 26.09.2025 के द्वारा भिजवाया गया है, अर्थात अपीलार्थी द्वारा अपील पेश किये जाने के पश्चात अपीलार्थी को सूचना/सूचित किया गया है, प्रथम आवेदन की सूचना विलम्ब से प्रषित की गयी है।

5–पत्रावली का अवलोकन किया। राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर भिवाडी जिला खैरथल–तिजारा (राजस्थान) प्रथम आवेदन संख्या 448173664006585 दिनांक 06.09.2025 की सूचना विलम्ब से प्रषित की गयी है। अपील अपीलार्थी स्वीकार किये जाने योग्य है।

6–अतः अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाती है। निर्णय की प्रमाणित–प्रति अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी को भिजवाई जायें। पत्रावली फैसल शुमार हो नम्बर से कम की जाकर बाद तकमील दाखिल रिकार्ड हो।

7–आज दिनांक 15.10.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(किशोर कुमार)
जिला कलक्टर एवं जिला
मजिस्ट्रेट खैरथल–तिजारा